C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com | Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 7:12 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 5:24 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 32 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 18 जुलाई 2026

मेरा एक हिस्सा अयोध्या में रह...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### 111 कच्ची शराब के साथ तस्कर दबोचा, बाइक सीज

हल्द्वानी। मुखानी थाना पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को कच्ची शराब और एक मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। उपनिरीक्षक अविनाश मौर्य अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। लामाचौड़ चौराहे से भाखड़ा पुल की ओर जाते समय मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति पल्सर मोटरसाइकिल से जंगल के रास्ते कच्ची शराब लेकर आ रहा है। सूचना पर पुलिस ने हनुमान मंदिर के पास घेराबंदी कर संदिग्ध बाइक सवार को रोक लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मलकीत सिंह निवासी ग्राम ककराला, थाना गदरपुर, बताया। बाइक पर बंधे प्लास्टिक के कट्टे की तलाशी लेने पर उसमें से 111 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने बरामद शराब और मोटरसाइकिल को भी कब्जे में लेकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई।

### राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद की तबीयत बिगड़ी

**नई दिल्ली**। राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख लालू प्रसाद यादव शनिवार को बेहतर इलाज के लिए नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ले जाए जाएंगे। शुक्रवार शाम ब्लड प्रेशर में उतार-चढ़ाव की शिकायत के बाद उन्हें पटना के इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आईजीआईएमएस) में भर्ती कराया गया था। राजद सांसद और लालू प्रसाद की बड़ी बेटी मीसा भारती ने बताया कि आईजीआईएमएस में डॉक्टरों ने उनका विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया। इलाज के बाद उनकी स्थिति सामान्य होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। डॉक्टरों ने उन्हें घर पर निगरानी में रहने की सलाह दी है। शनिवार को उन्हें आगे के इलाज के लिए एम्स, दिल्ली ले जाया जाएगा। इस दौरान मीसा भारती ने पटना के कौटिल्य नगर इलाके की सफाई व्यवस्था पर भी सवाल उठाए।

# राहुल गांधी ने पेपर लीक के मुद्दे पर सरकार पर साधा निशाना

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

देहरादून में छात्रों की गूंज कार्यक्रम के मंच से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पेपर लीक के मुद्दे पर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश में पेपर लीक का सिस्टम रेस्टोरेंट के मेन्यू कार्ड जैसा हो गया है, जहां हर पेपर का रेट तय है।

कार्यक्रम के दौरान नीट पेपर लीक के बाद जान गंवाने वाली रिया थापा के पिता अपनी बेटी के लिए न्याय की मांग करते हुए मंच पर भावुक हो गए। देश में पेपर लीक का मैन्यू कार्ड रेस्टोरेंट की तरह है। यहां हर पेपर का रेट तय है। पैसा दो और पेपर लो। छात्रों की गूंज कार्यक्रम में पहुंचे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने छात्रों से संवाद करते हुए कहा कि पेपर कराने की जिम्मेदारी सरकार को लेनी चाहिए, निजी कंपनियों को नहीं। इस दौरान मंच पर जहां अभ्यर्थियों ने अपना पेपर लीक का दर्द साझा किया तो वहीं नीट पेपर लीक के बाद आत्महत्या करने वाली देहरादून की रिया थापा के पिता मंच पर फफक पड़े। शुक्रवार को दोपहर करीब ढाई बजे देहरादून हवाई अड्डे पहुंचे राहुल गांधी ने सबसे पहले दिवंगत कांग्रेस नेता अमर मेहता के घर पहुंचकर श्रद्धांजलि देते हुए परिजनों को सांत्वना दी। इसके बाद उन्होंने एक निजी होटल में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक ली। शाम को रेसकोर्स स्थित बन्नू स्कूल में छात्रों की गूंज कार्यक्रम में पेपर लीक प्रकरणों पर संवाद किया। करीब एक घंटे के संवाद में राहुल गांधी ने कहा कि देश में पेपर लीक का पूरा मेन्यू है। इसमें नीट का पेपर 40 लाख रुपये, आईआईटी का पेपर 15 लाख रुपये, उत्तराखंड पटवारी भर्ती का पेपर 15 लाख रुपये, बिहार की बेसिक शिक्षक भर्ती का पेपर 10 लाख और सब इंस्पेक्टर की भर्ती का पेपर 25 लाख रुपये में बेचा जाता है। अगर आप भ्रष्ट हैं। पेपर लीक में रुचि रखते हैं तो पैसा देकर आपके मोबाइल पर माफिया पेपर उपलब्ध करा देते हैं। लेकिन इससे देश के 99 फीसदी उन मध्यम वर्ग के बच्चों का हक मारा जाता है, जिनका परिवार बच्चे की तैयारी पर नौ लाख रुपये तक का खर्च करता है।




सोनम वांगचुक को पुलिस अपने साथ अस्पताल ले गई

# अब अभिजीत दीपके ने की भूख हड़ताल शुरू करने की घोषणा

**नई दिल्ली**
एजेंसी

शनिवार सुबह जंतर-मंतर पर पिछले 20 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को दिल्ली पुलिस अपने साथ अस्पताल ले गई। जिसके बाद अभिजीत दीपके ने भूख हड़ताल शुरू करने की घोषणा की।

अभिजीत दीपके ने भूख हड़ताल शुरू करने की घोषणा की। अभिजीत दीपके आज से भूख हड़ताल पर बैठेंगे। अभिजीत का दावा है कि उनके साथ मारपीट की गई, वह पुलिस की गिरफ्त से भाग कर जंतर मंतर पहुंचे। अभिजीत दिपके का कहना है कि 20 जुलाई को संसद चलो अभियान होकर रहेगा। उन्होंने लोगों से हर राज्य में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने की अपील की। बता दें कि शनिवार सुबह जंतर-मंतर पर पिछले 20 दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को दिल्ली पुलिस अपने साथ अस्पताल ले गई। जिसके बाद जानकारी आई कि सोनम वांगचुक को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### दिल्ली पुलिस पर लगाया मारपीट करने का आरोप



कॉकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष अभिजीत दिपके ने कहा, अगर उन्हें लगता है कि सोनम सर को ले जाने से यह आंदोलन खत्म हो जाएगा, तो वे गलतफहमी में हैं। हम यहीं रहेंगे और 20 जुलाई को संसद तक मार्च करेंगे। उन्होंने आगे कहा, अब तक हम धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे थे, लेकिन इस घृणित कृत्य के बाद अब हम पीएम नरेंद्र मोदी के इस्तीफे की मांग करेंगे।

### सोनम वांगचुक की पत्नी ने दी चेतावनी

सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. आंग्मो ने समाचार एजेंसी से कहा कि मेरी और मेरे डॉक्टर की सहमति के बिना सोनम वांगचुक को कोई दवा नहीं दी जानी चाहिए। आंग्मो ने कहा, वह सफदरजंग अस्पताल में हैं। मैंने उन्हें मेरी मंजूरी के बिना कुछ भी देने से मना किया है। मेरी मंजूरी के बिना कोई इलाज शुरू नहीं होना चाहिए।

# दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर नहीं होगी कांवड़ यात्रा, जरूरी इंतजाम करने के लिए राज्यों में सहमति

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

कुछ ही दिनों में शुरू होने वाली कांवड़ यात्रा को देखते हुए उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने शुक्रवार को घोषणा की कि कांवड़ यात्रियों के लिए दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे बंद रहेगा। उन्होंने दिल्ली और उत्तर प्रदेश के अधिकारियों से कहा कि वे इस उपाय को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए पहले से ही जरूरी इंतजाम कर लें।

वार्षिक यात्रा की तैयारियों की समीक्षा के लिए अंतर-राज्यीय समन्वय बैठक की अध्यक्षता करते हुए बर्धन ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कांवड़ियों की आवाजाही के लिए दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर (एक्सप्रेसवे) का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। बैठक में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब और हिमाचल प्रदेश के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (ITBP), सशस्त्र सीमा बल (SSB), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF), रेलवे सुरक्षा बल (RPF), राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (NDRF) और अन्य केंद्रीय व राज्य एजेंसियों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कांवड़ यात्रा 30 जुलाई से 11 अगस्त तक होगी। कांवड़ यात्रा को देश के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक बताते हुए बर्धन ने कहा कि लाखों श्रद्धालु हरिद्वार से गंगा जल लाते हैं और उसे अलग-अलग राज्यों में अपनी मंजिल तक ले जाते हैं। उन्होंने जोर दिया कि यात्रा की सफलता सभी भाग लेने वाले राज्यों और एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल पर निर्भर करती है।

उन्होंने सभी राज्यों से आग्रह किया कि वे तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को प्राथमिकता दें, समय पर तैयारियां पूरी करें और यात्रा के दौरान सतर्क रहें। बर्धन ने यह भी चेतावनी दी कि हालांकि हरिद्वार यात्रा का मुख्य केंद्र है, लेकिन रास्ते में कहीं भी कोई अप्रिय घटना होने पर दूरगामी परिणाम हो सकते हैं। उन्होंने सभी राज्यों को निर्देश दिया कि वे अपने अधिकार क्षेत्र में मजबूत सुरक्षा, ट्रैफिक और आपदा प्रबंधन के इंतजाम सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने आगे निर्देश दिया कि सभी कांवड़ यात्रियों के पास वैध पहचान पत्र होने चाहिए और यात्रा के दौरान घातक हथियार या कोई भी प्रतिबंधित सामान ले जाने पर लगी रोक को सख्ती से लागू किया जाना चाहिए।

# खौफनाक: पिता पर झपटा तेंदुआ, बहादुर बेटी ने बचाई जान

**चंपावत**
हमारे संवाददाता

चंपावत के सिमल्टा गांव में शुक्रवार रात तेंदुए ने घर में घुसकर टीवी देख रहे बुजुर्ग पर हमला कर दिया। बुजुर्ग की मायके आई बेटी किरण पांडे ने साहस दिखाते हुए पिता को तेंदुए के चंगुल से बचाया और हमलावर तेंदुए को घर के अंदर ही कैद कर दिया।

चंपावत जिला मुख्यालय के निकटवर्ती ग्राम पंचायत सिमल्टा में शुक्रवार को देर रात घर में टीवी देख रहे एक बुजुर्ग पर तेंदुए ने घात लगाकर हमला कर दिया। कुछ दिनों के लिए मायके आई हुई उनकी बेटी की बहादुरी के कारण पिता की जान बच गई और तेंदुए को भी बेटी ने घर के अंदर कैद कर दिया। जिससे एक बड़ा हादसा होने से बाल बाल बच गया। तेंदुए के हमले में बुजुर्ग घायल हो गया। शुक्रवार रात को चंपावत जिला मुख्यालय से 12 किमी दूर सिमल्टा गांव में सुरेश चंद्र पांडे (64) पुत्र लक्ष्मी दत्त पांडे खाना खाने के बाद अपने घर में टीवी देख रहे थे, इस दौरान घात लगाकर बैठे तेंदुए ने घर के अंदर ही घुसकर उन पर हमला कर दिया और उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस दौरान ससुराल से कुछ दिनों के लिए पिता के घर आई उनकी बेटी किरण पांडे अपने पिता के लिए देवदूत बनकर सामने खड़ी हो गई। उसने साहस और बहादुरी दिखाते हुए तेंदुए के चंगुल से पिता को तो बचाया ही साथ ही उसको घर के अंदर ही कैद कर दिया। सूचना मिलते ही उप प्रभागीय वनाधिकारी सुनील कुमार के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया।

# चार साल की सेवा के बाद रोजगार की जिम्मेदारी उठाएगी सरकार

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

चार साल की सैन्य सेवा पूरी करने के बाद अग्निवीरों के भविष्य को लेकर उत्तराखंड सरकार ने बड़ा कदम उठाने की तैयारी कर ली है। धामी सरकार अब पूर्व अग्निवीरों को रोजगार से जोड़ने के लिए विशेष सेल का गठन करेगी।

धामी सरकार चार साल की सेवा के बाद रिटायर हो रहे अग्निवीरों के लिए विशेष सेल का गठन करेगी। इस सेल के जरिये राज्य के सभी पूर्व अग्निवीरों को रोजगार दिलाने का काम किया जाएगा। इसका संचालन भी पूर्व अग्निवीरों के हाथ में होगा जिससे उनके हितों की चिंता बेहतर तरीके से की जा सके। युवा अग्निवीर संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि होमस्टे योजना के अंतर्गत अग्निवीरों और पूर्व सैनिकों को होम स्टे स्थापित करने के लिए विशेष आर्थिक सहायता दी जाएगी। यदि अग्निवीर युवा स्वरोजगार करना चाहेंगे तो सरकार इसके लिए उन्हें विशेष अनुदान देगी। अग्निवीरों को गुणवत्तापूर्ण निशुल्क व्यावसायिक शिक्षा दिलाकर उन्हें निजी क्षेत्र में काम करने या स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता दी जाएगी। धामी सरकार पहले ही राज्य की समूह ग की नौकरियों में दस फीसदी का आरक्षण देने की घोषणा कर चुकी है। इसके अलावा केंद्र सरकार की विभिन्न एजेंसियों ने भी अपनी भर्तियों में अग्निवीरों को विशेष प्राथमिकता देने की घोषणा की है। अग्निवीरों के लिए बनने वाली विशेष सेल सैनिक कल्याण विभाग की तर्ज पर काम करेगा जो पूर्व सैनिकों को केंद्र-राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने का काम करता है। अग्निवीरों का पहला बैच सितंबर से जनवरी माह के बीच अपनी सेवाएं समाप्त करने जा रहा है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि पिछले पांच साल में बिना पर्ची-खर्ची के 34 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी मिल चुकी है। शहीद परिवारों की आर्थिक सहायता दस लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये की जा चुकी है। उनके आश्रित अब दो की बजाय पांच साल तक नौकरियों के लिए आवेदन कर सकते हैं।



# लेकब्रिज चुंगी टेंडर को लेकर पालिका में घमासान





नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल नगर पालिका में शुक्रवार को लेकब्रिज चुंगी के 21 महीने के टेंडर को लेकर सभासदों और पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल के बीच टकराव सामने आ गया है। सभासदों ने पत्रकार वार्ता कर टेंडर प्रक्रिया पर गंभीर आरोप लगाए तो वहीं दूसरी ओर पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल ने विधिक राय और प्रशासनिक संरक्षण के आधार पर टेंडर को सही ठहराया।

सभासदों के आरोप लगाया कि बोर्ड को दरकिनार कर विशेष व्यक्ति को लाभ दिया गया। सभासदों ने कहा कि बीते 14 जुलाई को बिना बोर्ड बैठक के टेंडर खोलना लोकतंत्र की हार है। सभासद जितेंद्र पाण्डे ने आरोप लगाया कि पहले पालिकाध्यक्ष ने आश्वासन दिया था कि टेंडर बोर्ड बैठक के बाद ही खुलेगा लेकिन उसे बीच में ही खोल दिया गया।सभासदों के मुताबिक बीते 1 जून 2026 को टेंडर कॉल किया गया, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 10 जून थी,7 जुलाई को बोर्ड बैठक का एजेंडा जारी हुआ था लेकिन अध्यक्ष के पारिवारिक शोक के कारण बैठक स्थगित हुई। इसके बाद 18 जुलाई तक बैठक टाल दी गई। कहा कि 22 जून को धरना प्रदर्शन के बाद 23 जून को लिखित आश्वासन मिला था कि लेकब्रिज निविदा अगली बोर्ड बैठक तक स्थगित रहेगी।

नए टेंडर में पुराने टेंडर के मुकाबले बाइक शुल्क जोड़ा गया है। सभासद मुकेश जोशी ने कहा कि दोपहिया वाहन शुल्क गजट में बोर्ड से ही पास हुआ था। यदि बोर्ड बैठक समय पर होती तो विवाद ही नहीं होता। उन्होंने कहा अगर बोर्ड बैठक का महत्व नहीं है तो हम इस्तीफा देने को तैयार हैं। जरूरत पड़ी तो हाईकोर्ट भी जाएंगे। सभासदों ने कुमाऊं आयुक्त से पूरे मामले की जांच और धारा -34 के तहत बोर्ड भंग कर नए चुनाव की मांग की है। पत्रकार वार्ता में भगवत रावत, गजाला कमाल, अंकित चंद्रा, काजल आर्या, राकेश पवार तथा रमेश प्रसाद आदि मौजूद रहे।

### विधिक राय और प्रशासन के संरक्षण में खोला गया टेंडर:पालिकाध्यक्ष

पालिकाध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल ने कहा कि टेंडर में कोई अनियमितता नहीं है। उन्होंने बताया कि पहले विधिक राय ली गई फिर प्रशासन से संपर्क कर संरक्षण मिलने के बाद ही टेंडर खोला गया। उन्होंने कहा लोकल बाइकों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। शुल्क सिर्फ बाहर से आने वाली बाइकों पर है। ठेकेदार से हुई गलती के कारण लोकल बाइक रुकी थीं अब तल्लीताल में 2 तथा बारापत्थर में 2 और फांसी गधेरे में 1 लोकल व्यक्ति तैनात किया गया है। नैनीताल के स्थानीय निवासियों, बच्चों और अधिवक्ताओं से कोई टैक्स नहीं लिया जाएगा। बाहर पढ़ने गए बच्चों को फ्री स्टिकर दिए जाएंगे। मॉल रोड पर वाहनों का दबाव कम करना। अध्यक्ष ने कहा कि चुंगी का प्रस्ताव पहले ही सभासदों द्वारा पास किया जा चुका है और यह मिनट बुक में दर्ज है।

## सीवर का गंदा पानी बहने से घरों में रहना मुश्किल

**नैनीताल ।** नगर के मल्लीताल स्थित बीडी पांडे जिला अस्पताल परिसर में निर्माण कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त हुई सीवर लाइन पिछले करीब दो सप्ताह से लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है। अस्पताल के स्टाफ क्वार्टर के समीप लगातार सीवर का गंदा पानी बहने से क्षेत्र में दुर्गंध फैल गई है। सबसे गंभीर बात यह है कि सीवर का गंदा पानी बहते हुए नैनी झील तक पहुंच रहा है। अस्पताल के स्टाफ क्वार्टर में रहने वाली कर्मचारियों और नर्सिंग स्टाफ मीनाक्षी, उर्मिला दास, प्रतिभा और जानकी कनवाल ने बताया कि पिछले दो सप्ताह से दुर्गंध के बीच रहना मुश्किल हो गया है। बारिश और उमस के कारण स्थिति और भी खराब हो गई है तथा संक्रमण फैलने की आशंका बनी हुई है। उनका कहना है कि कई बार संबंधित विभागों को शिकायत देने के बावजूद अब तक स्थायी समाधान नहीं हो सका है। एसडीएम नवाजिश खलिक ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। संबंधित अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करने और सीवर लाइन की शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश दिए जाएंगे।




## जीआईसी भूमियाधार में हरेला पखवाड़ा के तहत कई कार्यक्रम

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिले के भीमताल विकास खंड के तहत राजकीय इंटर कॉलेज भूमियाधार में शुक्रवार को स्कूली बच्चों के मध्य हरेला पखवाड़ा हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, योग, सामान्य ज्ञान एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्रधानाचार्य त्रिभुवन अग्रगामी ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को योग के महत्व तथा अनुशासित जीवन की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला जबकि विजय सिंह अधिकारी ( प्रवक्ता इतिहास) ने विद्यार्थियों की सामान्य ज्ञान क्षमता के विकास के उद्देश्य से एक विशेष कार्यशाला आयोजित की तथा कार्यक्रम का सफल संचालन किया। शिक्षक-अभिभावक संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने विद्यार्थियों को हरेला पर्व की सांस्कृतिक एवं पर्यावरणीय महत्ता से अवगत कराते हुए प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया। प्रतियोगिताओं में जूनियर वर्ग की निबंध प्रतियोगिता में नीलम

ने प्रथम, समर कुमार ने द्वितीय तथा अंतरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया वहीं भावेश को अपनी मौलिक कविता.पाठ की प्रभावशाली प्रस्तुति के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।सीनियर वर्ग की पोस्टर प्रतियोगिता में दिव्या ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रियांशी आर्या प्रथम, खुशी आर्या द्वितीय तथा सीमा आर्या तृतीय स्थान पर रहीं।कार्यक्रम को कामयाब बनाने में निहारिका आर्या, व प्रियंका पाण्डेय ने पूर्ण मनोयोग एवं समर्पण के साथ अपना अमूल्य योगदान दिया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पदमपुरी में लगा नि:शुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सीएमओ डॉ. रश्मि पंत के निर्देशन में प्रदेश सरकार के सेवा, सुशासन एवं समर्पण अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पदमपुरी में निःशुल्क वृहद स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

इससे पूर्व शिविर का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री एवं विधायक भीमताल राम सिंह कैड़ा द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया। इस अवसर पर श्रीमती भावना आर्य ब्लॉक प्रमुख धारी, श्रीमती रेखा देवी जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती रेखा आर्या ग्राम प्रधान, दीवान बिष्ट जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती रेनू आर्या ग्राम प्रधान सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. हिमांशु कांडपाल द्वारा शिविर का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। शिविर में गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व जांच, उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह की जांच, गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग, टीबी स्क्रीनिंग, सर्वाइकल एवं ओरल कैंसर की जांच, विभिन्न लैब जांच, एकसरे, नि:शुल्क औषधि वितरण, दिव्यांग प्रमाण पत्र, आयुष्मान भारत एवं आभा आईडी सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराई गई।



## NEWS / फटाफट

### प्रकृति प्रेमी गुरुरानी ने किया पौधरोपण

**नैनीताल ।** उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष/राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान जारी रहा। पौधारोपण अभियान के तहत नारायण नगर में पूर्व जिला पंचायत सदस्य माया मेहता के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। माया मेहता ने कहा की सावन के महीने में बेलपत्र का पौधा लगाना और पौधारोपण अभियान से जुडना सौभाग्य की बात है।कार्यक्रम में नारायण आश्रम के मैनेजर दीप चंद्र पांडे ने कहा कि सभी को पर्यावरण संरक्षण से जुड़ते हुए पौधारोपण करना चाहिए। कार्यक्रम में बी भट्ट सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### नैनीताल में सड़क किनारे खड़े 19 वाहनों का चालान

**नैनीताल।** पुलिस ने मॉल रोड समेत तल्लीताल, हल्द्वानी रोड और कलेक्ट्रेट रोड पर सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटवाया, साथ ही नियमों का उल्लंघन करने पर तल्लीताल क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े 19 वाहनों का चालान किया गया जबकि कई अन्य वाहनों को मौके से हटवाया गया। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि सड़क किनारे अवैध पार्किंग के कारण यातायात प्रभावित होता है और जाम की स्थिति उत्पन्न होती है। इसी को देखते हुए पुलिस लगातार अभियान चलाकर ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है।

### नैनीताल में हल्की बरसात में ही चिल्ड्रन पार्क में जलभराव

**नैनीताल।** नैनीताल में मानसून की हल्की बारिश के साथ ही जलभराव की समस्या सामने आने लगी है। बीते दिन डीएसए मैदान में पानी भरने के बाद उठे सवाल अभी शांत हुए ही थे कि अब मल्लीताल स्थित चिल्ड्रन पार्क में जलभराव होने लगा है। पार्क के कई हिस्सों में पानी भरने से बच्चों को झूलों तक पहुंचने के लिए पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है जिससे अभिभावकों में भी चिंता बनी हुई है। मामले में एसडीएम नवाजिश खलिक ने बताया कि बारिश के कारण कुछ स्थानों पर जलभराव की सूचना मिली है। संबंधित विभागों को मौके पर भेजकर स्थिति का निरीक्षण कराया जा रहा है और जल निकासी की व्यवस्था शीघ्र सुचारू करने के निर्देश दिए गए हैं।

### 79 यूके बटालियन एनसीसी ने किया पटवाडांगर में पौधरोपण




**नैनीताल ।** 79- यूके बटालियन एनसीसी नैनीताल द्वारा पटवाडांगर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीएसबी परिसर के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत मुखय अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर 79 यूके बटालियन एनसीसी नैनीताल के सूबेदार प्रदीप रोका, सूबेदार इंदर सिंह, हवलदार जीवन सिंह, पीआई स्टाफ समेत एनसीसी कैडेट्स एवं अन्य स्टाफ ने उत्साहपूर्वक पौधरोपण किया। मुखय अतिथि प्रो. दीवान सिंह रावत ने युवाओं से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का आह्वान किया।

### मुहर्रम कमेटी ने की चेहलुम के कार्यक्रमों की घोषणा

**नैनीताल ।** मुहर्रम कमेटी ने मुस्लिम महासफ र का चाँद नजर आने के बाद मुहर्रम कमेटी के अध्यक्ष नाजिम बकश ने बताया कि यादें हुसैन ( चेहलुम ) का ऐलान किया। उन्होंने बताया कि आगामी 5 अगस्त (बुधवार) को यादें हुसैन मनाया जायेगा। यादें हुसैन के मौके पर मुहर्रम कमेटी कि जानिब से लंगर व ताजियों का जुलुस निकला जायेगा। यह जुलुस अपने निर्धारित मार्ग से होते हुए देर रात सूखाताल स्थित कर्बला मे संपन्न होगा जहाँ पर ताजियों को सुपुर्द ए खाक किया जायेगा। कमेटी के महासचिव सय्यद समीर अली ने अवाम से ज्यादा से ज्यादा शिरकत करने कि गुजारिश की है।

## नैनीताल में बढ़ते ट्रैफिक दबाव, जाम व पार्किंग को लेकर हाईकोर्ट गंभीर

नैनीताल

हमारे संवाददाता

हाईकोर्ट ने नैनीताल में लगातार बढ़ते ट्रैफिक दबाव तथा जाम और पार्किंग की समस्या पर गंभीर चिंता जताई है। मामले में कोर्ट ने नगर पालिका नैनीताल व सरकार से तीन सप्ताह में जवाब पेश करने को कहा है।

मुखय न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर स्वत: संज्ञान लेकर दर्ज जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान कहा कि नैनीताल में अनियंत्रित वाहनों का प्रवेश शहर के लिए गंभीर समस्या बन चुकी है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि यह सर्वविदित है कि पर्यटन सीजन और विशेषकर सप्ताह के अंत में नैनीताल आने वाले वाहनों की संखया कई गुना बढ़ जाती है। हजारों पर्यटकों के कारण शहर में कई-कई घंटे तक ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। ऐसे हालात में यदि किसी स्थानीय निवासी या पर्यटक की तबीयत अचानक बिगड़ जाए तो उसे समय पर अस्पताल पहुंचाना लगभग असंभव हो सकता है जिससे जान का खतरा भी पैदा हो सकता है। कोर्ट ने यह भी कहा कि नैनीताल की संकरी सड़कें और भौगोलिक परिस्थितियां अनियंत्रित संखया में वाहनों का भार सहन करने की अनुमति नहीं देतीं। पार्किंग की सीमित व्यवस्था भी शहर की प्रमुख समस्याओं में से एक है और पार्किंग से संबंधित मुद्दा भी न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। खंडपीठ ने अपने आदेश में यह भी कहा कि यदि नगर पालिका को शहर में आने वाले वाहनों के प्रवेश को नियंत्रित करने की अनुमति नहीं दी जाती है तो इसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। पहाड़ी क्षेत्र की भौगोलिक सीमाएं सड़कों के विस्तार की अनुमति नहीं देतीं और लगातार बढ़ते वाहनों से केवल ट्रैफिक जाम ही नहीं बल्कि वायु और ध्वनि प्रदूषण भी बढ़ रहा है। लंबे समय तक चालू रहने वाले वाहनों के इंजन दुर्घटनाओं का कारण भी बन सकते हैं जबकि सबसे अधिक परेशानी पैदल चलने वाले लोगों को होती है जिन्हें जाम में फंसे वाहनों से निकलने वाले धुएं का सामना करना पड़ता है।

## मीट का अपशिष्ट नाले में बहाने के मामले में पालिका ने की कार्रवाई

**नैनीताल।** नैनीताल में मीट का गंदा पानी नाले के माध्यम से जीवनदायिनी नैनी झील में जाने के आरोप का मामला सामने आने के बाद नगर पालिका परिषद ने संबंधित प्रतिष्ठान के खिलाफ कार्रवाई की है।

बता दें बजरंग वाहिनी दल नैनीताल के जिला उपाध्यक्ष कुणाल बेदी द्वारा इस संबंध में एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया गया था। वीडियो में मीट का अपशिष्ट नाले में बहता हुआ दिखाई देने का दावा किया गया था जिससे नैनी झील के प्रदूषित होने की आशंका जताई गई।

बजरंग वाहिनी दल ने वीडियो और संबंधित स्थान की जानकारी नगर पालिका परिषद को मुहैया कराते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत मिलने के बाद नगर पालिका ने मामले का संज्ञान लिया और जांच के उपरांत संबंधित प्रतिष्ठान संचालक ललित प्रसाद के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकांता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## सुखद जीवन पर कुल्हाड़ी

*कुल्हाड़ी वनों पर नहीं, सुखद जीवन पर चल रही है। जो पेड़ फल नहीं देते हैं, वह भी हमें प्राण वायु आक्सीजन देते हैं। पौधरोपण में वैज्ञानिक दृष्टिकोण की जरूरत है। किसी क्षेत्र की जलवायु और मिट्टी के लिए किस प्रजाति के पौधे उपयुक्त होंगे, इस बारे में कृषि वैज्ञानिकों से जानकारी लेकर पौधरोपण होना चाहिए। वृक्षों को काटने से रोकने के लिए उत्तराखंड में पांच दशक पूर्व चिपको आंदोलन की विश्व स्तर पर गूंज हुई थी। वर्तमान में पुनः वृहद स्तर पर आंदोलन की जरूरत है।*

मानसून के दस्तक देने और चौमासे में बारिश होने पर पौधरोपण का दिखावा किया जाता है। सिर्फ पौध लगाने से पर्यावरण का संरक्षण नहीं होगा, बल्कि उसे वृक्ष बनाने का संकल्प लेना होगा। बरसात के मौसम में पौध लगाने से जिम्मेदारी पूरी नहीं होती है, पूरे साल पौधों की देखभाल और वृक्षों पर कुल्हाड़ी चलाने वालों को रोकना होगा। पूरी दुनिया में पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाई जा रही है। कुल्हाड़ी वनों पर नहीं, सुखद जीवन पर चल रही है। जो पेड़ फल नहीं देते हैं, वह भी हमें प्राण वायु आक्सीजन देते हैं। पौधरोपण में वैज्ञानिक दृष्टिकोण की जरूरत है। किसी क्षेत्र की जलवायु और मिट्टी के लिए किस प्रजाति के पौधे उपयुक्त होंगे, इस बारे में कृषि वैज्ञानिकों से जानकारी लेकर पौधरोपण होना चाहिए। वृक्षों को काटने से रोकने के लिए उत्तराखंड में पांच दशक पूर्व चिपको आंदोलन की विश्व स्तर पर गूंज हुई थी। वर्तमान में पुनः वृहद स्तर पर आंदोलन की जरूरत है। केवल प्रचार और फोटो खिंचवाने के लिए अंधाधुंध पौधे लगाने से वर्तमान और भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। सबसे पहले तो अनावश्यक तौर पर पेड़ काटने से रोका जाये। सड़क चौड़ी करने और रेललाइन के लिए पेड़ काटना अनिवार्य है, तो उसी अनुपात में पौधरोपण करके वृक्ष बनने तक उनकी देखभाल की जानी चाहिए। हमारे पूर्वजों ने पौधरोपण करके शहर और गांव में हरियाली की तथा पर्यावरण शुद्ध किया। पूर्वजों के परिश्रम से वर्तमान में हमें प्राणवायु मिल रही है। मुगलकाल और ब्रिटिश शासन की गुलामी के दौरान बनाई गई सड़कों के किनारों पर पेड़ लगाने को प्राथमिकता दी गई। पूरे देश में जलवायु और धरती की मिट्टी एक जैसी नहीं है। हमारे पूर्वजों ने क्षेत्र विशेष की मिट्टी व जलवायु के अनुरूप पौधे लगाये और वृक्ष बनने तक पोषण किया। वर्तमान में बिना वैज्ञानिकों की सलाह के पौधरोपण किया जा रहा है, इसी लिए पौधे सूख जाते हैं। पेड़ों से अच्छादित मार्गों पर सफर स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद होता है। कुछ दशकों से शहर और गांव के साथ ही वन क्षेत्र में भी पेड़ों को काटा जा रहा है। यदि वर्तमान में हम पर्यावरण संरक्षण के लिए गंभीर नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ी को शुद्ध वातावरण पर प्रश्नचिह्न लग जायेगा। वायु प्रदूषण सिर्फ मानव के लिए ही नहीं, बल्कि सभी जीव-जन्तुओं के लिए हानिकारक है। प्रदूषण पर नियंत्रण सिर्फ और सिर्फ वन कर सकते हैं।

# जागेश्वर में उमड़ा आस्था का सैलाब, जयघोष से गूंजा धाम

अल्मोड़ा

हमारे संवाददाता



विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में एक माह तक चलने वाले श्रावणी मेले में शुक्रवार सुबह से ही शिवभक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मेले का उद्घाटन करने के बाद अगले ही दिन मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया। हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से पूरा धाम शिवमय हो उठा।

सुबह तड़के से ही श्रद्धालु भगवान जागेश्वर महादेव के दर्शन के लिए कतारों में लग गए। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। वहीं, वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कई स्थानों पर रुद्राभिषेक भी संपन्न हुए। दिनभर मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र श्रद्धालुओं की आवाजाही से व्यस्त रहा। धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम भी पूरे दिन जारी रहा। मंदिर परिसर में 21 पार्थिव पूजाएं, 17 रुद्राभिषेक तथा दो जाप-हवन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराए गए। देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान जागेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और मंगलमय जीवन की कामना की। श्रावण मास के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा, यातायात, स्वास्थ्य, पेयजल और सफाई की व्यापक व्यवस्थाएं की हैं। मंदिर समिति और प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।

## शिव मंदिरों में जुटी भक्तों की भीड़

**रुद्रप्रयाग।** श्रावण मास के पहले दिन केदारनाथ, तुंगनाथ, मध्यमहेश्वर, कोटेश्वर महादेव, रुद्रनाथ मंदिर व आस पास के शिव मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही और हर हर महादेव के जयघोष लगते रहे। श्रद्धालुओं ने शिव का जलाभिषेक किया। ऊखीमठ में पंच केदार गद्दी स्थल के भक्तों ने दर्शन किए। गुप्तकाशी विश्वनाथ मंदिर में भी भक्तों ने जलाभिषेक किया। उमापति महादेव गौरीकुंड में भी भक्तों ने पूजा की। अगस्त्यमुनि स्थित प्राचीन अगस्त्य ऋषि मंदिर में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। मंदिर के पुजारी योगेश बेंजवाल ने बताया कि अगस्त ऋषि मंदिर प्रांगण में बच्चों ने नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में लोक गायक धर्म सिंह, वीरेंद्र बिष्ट, केशव अग्रवाल, आनंद मोहन आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय मुए थाई चैंपियनशिप में शांतिपुरी के खिलाड़ियों ने जीते तीन पदक

**शांतिपुरी।** राष्ट्रीय प्रो-एम मुए थाई एवं मुए बोरान नेशनल चैंपियनशिप चेन्नई में 10 से 12 जुलाई तक आयोजित हुई। इसमें शांतिपुरी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

जूनियर वर्ग में अश्विन कार्की ने रजत पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया जबकि आरव सिंह ने कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं सीनियर वर्ग में टीम के कोच नितिन रावत ने भी रजत पदक जीतकर खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया।

खिलाड़ियों की सफलता पर अभिभावकों और क्षेत्रवासियों ने भी प्रसन्नता जताते हुए सभी विजेताओं को शुभकामनाएं दीं। साथ ही कोच नितिन रावत के कुशल प्रशिक्षण और मार्गदर्शन की सराहना की।

# निकाय कर्मियों का झाड़ू और उपकरण के साथ जुलूस, प्रदर्शन

बाजपुर

हमारे संवाददाता

स्थायीकरण की मांग के लिए नगर निकाय के दैनिक कर्मचारियों का आमरण अनशन आठवें दिन भी जारी रहा। अनशन पर बैठे सीताराम तिवारी का स्वास्थ्य लगातार गिर रहा है। अब तक उनका 7.200 किग्रा वजन कम हो चुका है। आंदोलन की अनदेखी से आक्रोशित कर्मचारियों ने झाड़ू लेकर नगर में जूलूस निकालकर जल्द समस्याओं का निदान करने की मांग की।

निकाय कर्मियों ने पालिका कार्यालय से मुख्य मार्ग, शहीद भगत सिंह चौक होते हुए तहसील कार्यालय तक जुलूस निकाला। इधर, अनशन स्थल पर आंदोलन को समर्थन देने किसान नेता जगतार सिंह बाजवा अपने समर्थकों के साथ पहुंचे। उन्होंने सफाई कर्मियों की मांग के लिए दो घंटे का उपवास भी रखा। अनमोल अंगना



फाउंडेशन अध्यक्ष अनीता शर्मा, क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष उदयराज सिंह सहित कई संगठनों ने समर्थन दिया। वहां उत्तराखण्ड वाल्मीकि दलित समाज सुधार संगठन अध्यक्ष अनिल वाल्मीकि, देवभूमि उत्तराखण्ड सफाई कर्मचारी संघ के शाखा अध्यक्ष सुरेश कुमार 'लाला', उपाध्यक्ष सुरेश कुमार 'मिल्ले', महामंत्री मुकेश कुमार, संगठन मंत्री उमेश कुमार, मंत्री विनोद कुमार, कोषाध्यक्ष बंटी कुमार, प्रचार मंत्री राजेश कुमार, चन्द्रजीत प्रेमी, समर्थक राजेंद्र बेदी, दर्शन लाल गोयल, मुकेश दिवाकर, राजकिशो आदि मौजूद रहे।

## तापमान में उतार-चढ़ाव से वायरल बुखार के मरीज बढ़े

**काशीपुर।** मानसून की बारिश और मौसम में उतार-चढ़ाव के साथ वायरल बुखार, डेंगू, मलेरिया और टाइफाइड के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है।

सरकारी और निजी अस्पतालों की ओपीडी में रोज 200 से ज्यादा बुखार के मरीज पहुंच रहे हैं। एलडी भट्ट उप जिला चिकित्सालय के डॉ. प्रियांक चौहान ने बताया कि बदलते मौसम में वायरल के मामले सबसे ज्यादा आ रहे हैं। साथ ही टाइफाइड के मरीज भी बढ़ रहे हैं। बदलते तापमान, अधिक नमी और गंदा पानी इसकी मुख्य वजह है। डॉक्टरों के मुताबिक बारिश के कारण मच्छरों की संख्या बढ़ जाती है। रुके हुए पानी में मच्छरों के लार्वा पनप रहे हैं। वहीं बाहर का खाना और दूषित पानी पीने से टाइफाइड और वायरल इंफेक्शन हो रहा है।

मौसम बदलने से लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी कमजोर हो रही है। डॉक्टरों का कहना है कि समय पर इलाज से बीमारियां ठीक हो जाती हैं। लक्षण दिखते ही लापरवाही न करें और डॉक्टर की सलाह लेकर ही दवा का सेवन करें।

# फिल्मी दुनिया

## शूटिंग पूरी: अनुपम खेर ने लिखा- मेरा एक हिस्सा अयोध्या में रह गया है



*अनुपम खेर अपनी आगामी फिल्म श्री रामभूमि को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म की शूटिंग को लेकर अनुपम ने एक खास पोस्ट साझा किया है।*

*अनुपम खेर फिल्म श्री रामभूमि में नजर आएंगे। अनुपम ने सोशल मीडिया हैंडल पर अयोध्या से अपनी कई तस्वीरें साझा की हैं। अनुपम ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने श्री रामभूमि के पहले शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली है। इसी के साथ अनुपम ने अपना अनुभव भी साझा किया है। अनुपम खेर ने अपनी आगामी फिल्म श्री रामभूमि की शूटिंग को लेकर इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा किया है। अनुपम ने लिखा, फिल्म श्रीराम भूमि के पहले हिस्से की शूटिंग पूरी करके मैं अयोध्या से वापस लौट रहा हूं। लेकिन ऐसा लग रहा है, जैसे मेरा एक हिस्सा वहीं छूट गया है। अनुपम ने आगे लिखा, मैं अपने साथ सिर्फ अच्छी यादें ही नहीं, बल्कि सनातन धर्म की गहरी समझ, मन की शांति और इस बात का गर्व लेकर जा रहा हूं कि मैं एक ऐसी फिल्म से जुड़ा हूं, जो इतिहास और विश्वास को पूरी सच्चाई के साथ पर्दे पर दिखाएगी।*

### अयोध्या को लेकर राय

*अनुपम ने आगे लिखा, अयोध्या सिर्फ एक शहर नहीं है, बल्कि इसे महसूस किया जा सकता है। यहां की हर गली, मोड़, घर, मंदिर और हर सांस में बस एक ही नाम गूंजता है- श्रीराम। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के दर्शन, यहां के लोगों का प्यार और इस पवित्र जगह की ताकत ने मुझे एक कलाकार के साथ-साथ एक बेहतर इंसान भी बनाया है। अनुपम ने अयोध्या के सभी लोगों को दिल से धन्यवाद देते हुए लिखा, उन सभी संतों का आभार जिनसे मुझे आशीर्वाद मिला। मेरे दोस्त यतीन्द्र और मंजरी मिश्रा को उनके प्यार और स्वादिष्ट खाने के लिए शुक्रिया।*

# कीड़ों और बदबू वाले गेहूं-चावल पर भड़के लोग, राशन लेने से इन्कार

काशीपुर

हमारे संवाददाता

टांडा उज्जैन स्थित सरकारी सस्ता गल्ला दुकान पर राशन वितरण के दौरान गेहूं में कीड़े और चावल से बदबू आने की शिकायत पर राशनकार्ड धारकों ने हंगामा कर दिया। नाराज उपभोक्ताओं ने खराब गुणवत्ता का राशन लेने से साफ इनकार कर दिया और मामले की शिकायत प्रशासन से की।

शुक्रवार को करीब तीन महीने बाद राशन वितरण शुरू हुआ। वार्ड नंबर-18 स्थित सस्ता गल्ला दुकान पर पहुंचे उपभोक्ताओं का आरोप था कि बोरी खोलते ही गेहूं में कीड़े दिखाई दिए। चावल से सीलन की बदबू आ रही थी। इससे नाराज लोगों ने विरोध जताते हुए कहा कि लंबे इंतजार के बाद भी खाने योग्य राशन नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने मांग की कि उन्हें अच्छी गुणवत्ता का राशन उपलब्ध कराया जाए। मामले की सूचना मिलने पर क्षेत्र के पार्षद गुरविंदर सिंह चंडोक भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान गेहूं और चावल में



कीड़े दिखाई दिए और राशन से दुर्गंध आ रही थी। उनका आरोप है कि सस्ता गल्ला विक्रेता मामले पर स्पष्ट जवाब नहीं दे रहा था और उनके सामने ही खराब राशन की बोरियों को ढकने का प्रयास करने लगा। पार्षद ने जिलाधिकारी और क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक मीनाक्षी रावत से दूरभाष पर शिकायत कर मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की। टांडा उज्जैन स्थित सस्ता गल्ला दुकान पर खराब राशन वितरण की शिकायत प्राप्त हुई है। मीनाक्षी रावत, क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

News कॉर्नर

### बरसात के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों पर प्रशासन की विशेष नजर

नैनीताल। मानसून के दौरान किसी भी आपदा की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। ग्रामीण क्षेत्रों और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। प्रशासन की ओर से ऐसे क्षेत्रों के लोगों से लगातार संपर्क बनाया जा रहा है ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत सहायता मुहैया कराई जा सके। एसडीएम नवाजिश खलिक ने बताया कि मानसून को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी जा रही है और स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों से नियमित संपर्क किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा या सड़क बाधित होने की सूचना मिलने पर संबंधित विभागों की टीमें तत्काल मौके पर भेजी जा रही हैं साथ ही लोगों से अपील की गई है कि बारिश के दौरान कोई भी दिक्कत होने पर प्रशासन या संबंधित अधिकारियों से संपर्क करें ताकि दिक्कतों को दूर किया जा सके।

### रात में ई-रिक्शा न चलने से बढ़ी परेशानी:दिव्या साह

नैनीताल । नगर की प्रतिष्ठित जनहित संस्था की कार्यकारी अध्यक्ष दिव्या साह के मुताबिक संस्था को स्थानीय वरिष्ठ नागरिकों द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रतिबंधित समय के बाद भी माल रोड में ई-रिक्शा सांयकाल में 8.30 बजे से पुन: नहीं चल रहे हैं जिससे तलीताल स्टेशन से अन्यत्र जाने वाले व्यक्तियों को तथा मल्लीताल आने वाले बिमार व्यक्तियों, वयोवृद्ध लोगों को आने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि मामले को लेकर संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी व संरक्षक जगमोहन सिंह बिष्ट के दिशा निर्देशों एवं मार्गदर्शन पर अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद नैनीताल से अनुरोध किया जा रहा है कि मालरोड में प्रतिबंधित समय के पश्चात कम से कम 10 बजे तक ई-रिक्शा संचालित करने हेतु ई-रिक्शा यूनियन को निर्देशित करें जिससे पर्यटकों के अलावा स्थानीय लोगों को भी आवागमन में सुविधा मिल सके।

# हिमालयन पब्लिक स्कूल में जूनियर विंग का इन्वेस्टिचर समारोह आयोजित

देहरादून/नैनीताल

हमारे संवाददाता

हिमालयन पब्लिक स्कूल में आयोजित जूनियर विंग का भव्य इन्वेस्टिचर सेरेमनी उत्साह, गरिमा एवं नेतृत्व के संकल्प के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय शिक्षाविद्, वरिष्ठ पत्रकार तथा उत्तराखंड हेरिटेज स्कूल ऑफ़ मीडिया एंड एडवांस्ड स्टडीज की संस्थापक एवं निदेशक डॉ. कंचन नेगी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।




कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय की प्रधानाचार्या स्वाति के. उनियाल ने डॉ. कंचन नेगी का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न भेंट कर हार्दिक स्वागत एवं सम्मान किया। विद्यालय प्रबंधन एवं विद्यार्थियों ने उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया।समारोह के दौरान विद्यालय के नव.निर्वाचित छात्र नेतृत्व को शपथ दिलाई गई तथा उन्हें अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प दिलाया गया। अपने प्रेरणादायी संबोधन में डॉ. कंचन नेगी ने सभी नव निर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि नेतृत्व केवल पद प्राप्त करना नहीं बल्कि जिमेदारियों को ईमानदारी, अनुशासन, सेवा भाव और सकारात्मक सोच के साथ निभाना है।

उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने व्यक्तित्व में आत्मविश्वास, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और उत्कृष्ट संवाद कौशल का विकास करें तथा अपने विद्यालय परिवार और समाज का गौरव बढ़ाने वाले नागरिक बनें। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के राष्ट्रनिर्माता हैं और उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास शिक्षा का महत्वपूर्ण उद्देश्य है।डॉ. कंचन नेगी ने समारोह में उपस्थित अभिभावकों को भी संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों की सफलता केवल विद्यालय की जिममेदारी नहीं बल्कि अभिभावकों और शिक्षकों की संयुक्त सहभागिता से ही एक सशक्त, संवेदनशील एवं जिममेदार पीढ़ी का निर्माण संभव है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को सकारात्मक वातावरणए नैतिक संस्कारए प्रोत्साहन और आत्मविश्वास प्रदान करने का आग्रह किया।

इस अवसर पर नव.नियुक्त जूनियर हेड बॉय आहिल चौधरी एवं जूनियर हेड गर्ल ग्रीषा वशिष्ठ ने अपने स्वीकृति भाषण में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं अपने अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि वे अपने पद की गरिमा बनाए रखते हुए विद्यालय के अनुशासन, विकास एवं छात्र.हित के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगे तथा अपने कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करेंगे। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन अभिषेक वर्मा और अंशिका वर्मा, शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संखया में छात्र.छात्राएँ उपस्थित रहे। पूरे समारोह में उत्साह, अनुशासन और नेतृत्व की भावना स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई।

यह आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमताए उत्तदायित्व एवं सेवा.भाव विकसित करने की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल सिद्ध हुआ।समारोह के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायी आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# 26 को कारगिल विजय दिवस के अवसर पर जनपद में विभिन्न कार्यक्रम आयोजन होंगे

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

कारगिल विजय दिवस (शौर्य दिवस) के अवसर पर 26 जुलाई को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों के सम्बन्ध में शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी विवेक राय की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियां तय की गईं। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने नगर निगम को नैनीताल रोड स्थित शहीद स्मारक पर होने वाले मुख्य कार्यक्रम से पूर्व साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शहीद स्मारक पर 26 जुलाई को प्रात: 9 बजे शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।



बैठक में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को मुख्य अतिथि, गणमान्य नागरिकों, स्वतंत्रता सेनानियों, पूर्व सैनिकों, शहीदों के परिजनों तथा सेना, आईटीबीपी और सीआरपीएफ के अधिकारियों एवं जवानों को आमंत्रित करने तथा माल्यार्पण की व्यवस्था सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गईइसके बाद पूर्वाह्न 10 बजे एमबी डिग्री कॉलेज के लाल बहादुर शास्त्री सभागार में मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में उत्तराखंड की लोक संस्कृति एवं देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी।नई पी ?ी को देश के वीर सैनिकों के शौर्य और बलिदान से परिचित कराने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग विद्यालयों में जूनियर वर्ग के लिए चित्रकला तथा सीनियर वर्ग के लिए निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन करेगा।बैठक में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल (सेनि.) रमेश सिंह, एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल, मुख्य शिक्षा अधिकारी आर.एस. नेगी, जिला खेल अधिकारी निर्मला पंत सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# ट्रक की टक्कर से पूर्व सैनिक की मौत, परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

देश की सेवा के बाद शांतिपूर्ण जीवन बिता रहे हल्दूचौड़ के गंगापुर निवासी पूर्व सैनिक शमशेर सिंह रौतेला की शुक्रवार को सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। रामपुर रोड स्थित नेक्सा शोरूम के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन समेत फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा इतना भीषण था कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची, लेकिन तब तक शमशेर सिंह रौतेला दम तोड़ चुके थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर फरार ट्रक और चालक की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। शमशेर सिंह रौतेला अपने पीछे पत्नी, बेटी अंजली रौतेला और पुत्र आयुष रौतेला को छोड़ गए हैं। अंजली स्नातक की छात्रा हैं, जबकि आयुष हाईस्कूल में पढ़ाई कर रहा है। परिवार के मुखिया के अचानक चले जाने से घर में मातम पसरा हुआ है और पूरे गंगापुर क्षेत्र में शोक की लहर है। गौरतलब है कि पिछले दो दिनों में सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाने वाले शमशेर सिंह रौतेला दूसरे पूर्व सैनिक हैं। इससे एक दिन पहले हल्दूचौड़ क्षेत्र में सड़क पार करते समय पूर्व सैनिक हरीश चंदोला की भी सड़क हादसे में मौत हो गई थी। लगातार दो पूर्व सैनिकों की सड़क दुर्घटनाओं में हुई मौत से पूर्व सैनिक समुदाय और स्थानीय लोगों में गहरा दुख और आक्रोश है। लगातार सामने आ रहे सड़क हादसों ने एक बार फिर तेज रफ्तार, लापरवाह वाहन चालकों और सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने फरार चालक की शीघ्र गिरफ्तारी और सड़क सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की है।

# हाईकोर्ट ने पीएमजीएसवाई के मुख्य अभियंता पाठक को कोर्ट के आदेश की अवमानना का दोषी ठहराया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

हाईकोर्ट ने एक निविदा (टेंडर) प्रक्रिया से जुड़े मामले में कोर्ट के आदेश का पालन न करने पर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के मुख्य अभियंता संजय कुमार पाठक को कोर्ट के आदेश की अवमानना का दोषी ठहराया है ।

न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकल पीठ ने मामले की सुनवाई करते हुए पीएमजीएस वाई के मुखय अभियंता संजय कुमार पाठक और अन्य को अदालत की अवमानना अधिनियम 1971 के तहत श्जानबूझकर आदेश की नाफरमानी करने का दोषी पाया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि अधिकारियों द्वारा बाद की परिस्थितियों का बहाना बनाकर न्यायिक आदेशों को दरकिनार या निष्प्रभावी नहीं किया जा सकता।

यह पूरा मामला मेसर्स राम कृष्ण जयरा द्वारा विभाग की एक निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से जुड़ा है जिसमें तकनीकी मूल्यांकन के दौरान याचिकाकर्ता फ र्म को गलत तरीके से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। इसके खिलाफ फ र्म ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। करीब डेढ़ साल तक लंबित रहने के बाद कोर्ट ने 26 फरवरी 2026 को याचिकाकर्ता के पक्ष में फैसला सुनाते हुए विभाग को निर्देश दिया था कि याचिकाकर्ता फ र्म की वित्तीय बोली को शामिल किया जाए और कानून के अनुसार प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए लेकिन रिट कोर्ट के स्पष्ट निर्देश के बावजूद विभाग ने वित्तीय बोली खोलने के बजाय पूरी टेंडर प्रक्रिया को यह कहते हुए रोक दिया कि अन्य बोलीदाताओं ने अपनी निविदा की वैधता अवधि बढ़ाने से इनकार कर दिया है। प्रतिवादियों की ओर से तर्क दिया गया कि अब केवल एक ही बोलीदाता बचा है जिससे टेंडर प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकती।

हाईकोर्ट ने इस तर्क को पूरी तरह खारिज करते हुए कहा कि यह स्थिति खुद उत्तरदाताओं द्वारा पैदा की गई है और यह केवल एक सोची.समझी रणनीति है ताकि रिट कोर्ट के फैसले को निष्प्रभावी और विफल किया जा सके।मामले की गंभीरता को देखते हुए न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल ने प्रतिवादियों को आदेश जारी किया है कि वे 26 फ रवरी 2026 के रिट कोर्ट के आदेश का 10 दिनों के भीतर सखती से पालन करें और अगली सुनवाई पर अनुपालन रिपोर्ट पेश करें।

### कुविवि के डीएसबी परिसर में बीए प्रथम सेमेस्टर प्रवेश प्रक्रिया शुरू

नैनीताल । कुमाऊँ विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर स्थित कला संकाय में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए बीए प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई है। प्रवेश समिति ने इच्छुक अभयर्थियों के लिए मेरिटए प्रवेश तिथि तथा आवश्यक दस्तावेजों से संबंधित दिशा.निर्देश जारी किए हैं।

# ठंडी सड़क से बेस अस्पताल तक दो गुटों में खूनी संघर्ष, इमरजेंसी में भी चले लात-घूंसे

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर में दो युवकों के गुटों के बीच हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। वेलेजली लॉज और राजपुरा क्षेत्र के युवकों के बीच पहले ठंडी सड़क पर कहासुनी हुई, जिसके बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान कई युवक घायल हो गए और एक-दूसरे पर हमला कर सिर फोड़ दिए। घटना के बाद घायल उपचार के लिए बेस अस्पताल पहुंचे, लेकिन वहां भी मामला शांत नहीं हुआ। अस्पताल की इमरजेंसी के भीतर और बाहर दोनों पक्ष फिर आमने-सामने आ गए और दोबारा मारपीट शुरू हो गई। अचानक हुए हंगामे से अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी मच गई और मरीजों व उनके तीमारदारों में दहशत का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि अस्पताल में हुई पूरी मारपीट की घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को अलग कर स्थिति पर काबू पाया।

पुलिस ने अस्पताल के सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि फुटेज और संबंधित पक्षों की तहरीर के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# कुलपति प्रो. रावत का कार्यकाल 6 माह बढ़ा

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि नैनीताल के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत का कार्यकाल 6 माह के लिए बढ़ा दिया गया है। राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने इस संबंध में आदेश जारी कर उन्हें 21 जुलाई से पुनः कुलपति पद की जिममेदारी सौंपी है।



**आदेश**

- नियमित कुलपति चयन प्रक्रिया जारी रहने के कारण राज्यपाल एवं कुलाधिपति ने जारी किए आदेश

बता दें कि प्रो. रावत को उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम-1973 (यथाप्रवृत उत्तराखंड राज्य) की धारा-12 (1) के तहत कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष के लिए कुमाऊं विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया था। उनका तीन वर्षीय कार्यकाल आगामी 20 जुलाई (सोमवार) को पूरा हो रहा है। लोकभवन से जारी आदेश में कहा गया है कि कुमाऊं विवि के नियमित कुलपति के चयन की प्रक्रिया वर्तमान में जारी है। चयन प्रक्रिया पूरी होने में समय लगने की संभावना को देखते हुए अधिनियम की धारा 12 (10) में निहित प्रावधानों का प्रयोग करते हुए प्रो. रावत का कार्यकाल बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। आदेश के अनुसार प्रो. दीवान सिंह रावत 21 जुलाई से अगले 6 माह अथवा नियमित कुलपति की नियुक्ति होने तक जो भी पहले हो विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर बने रहेंगे। इस अवधि में वे विश्वविद्यालय के प्रशासनिक, शैक्षणिक एवं वित्तीय कार्यों का संचालन पूर्ववत करते रहेंगे।

उल्लेखनीय है वर्तमान में कुविवि में नए कुलपति के चयन के लिए गठित सर्च कमेटी की प्रक्रिया पहले से चल रही है। नियमित कुलपति की नियुक्ति होने के बाद प्रो. रावत का विस्तारित कार्यकाल स्वतः समाप्त हो जाएगा। राज्यपाल एवं कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह की ओर से जारी आदेश के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने आवश्यक औपचारिकताएं शुरू कर दी हैं।

### हरेला पर्व पर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हल्द्वानी। हरेला पर्व के अवसर पर एकता जनसेवा फाउंडेशन एंटी करप्शन सेल के तत्वावधान में रविवार को तिकोनिया स्थित मुंशी रायबहादुर प्रसाद टम्टा पार्क में पौधारोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शिवम सिंह ठाकुर ने कहा कि हरेला उत्तराखंड की संस्कृति और हरियाली का प्रतीक पर्व है। इस अवसर पर अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक ओर विकास के नाम पर बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई हो रही है, वहीं दूसरी ओर एक पेड़ मां के नाम जैसे अभियान लोगों को प्रकृति से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं।